# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 22 अप्रैल 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON
Google Play

Download App

**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में किस राज्य में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू की जा रही है?

(a)राजस्थान
(b)उत्तरप्रदेश
(c)मध्यप्रदेश
(d) इनमें से कोई नही

- बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की पूर्ति करते हुए राज्य के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू की गई है।
- ऐसे मान्यता प्राप्त पत्रकारों के दो बच्चे जिनकी स्वयं की आजीविका पूरी तरह पत्रकारिता पर निर्भर है और अभ्यर्थी की स्वयं की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम है, पात्र होंगे।

01. पुडुचेरी में 9 से 16 अप्रैल तक आयोजित 40वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान बॉयज टीम ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 40वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 9 से 16 अप्रैल तक पुडुचेरी में आयोजित हुई।
- राजस्थान बॉयज टीम को फाइनल में तमिलनाडु से 96-85 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- इस प्रतियोगिता में बेस्ट स्कोरर का खिताब राजस्थान के अरमान मटोरिया को मिला
- पिछले दो साल राजस्थान की टीम ने गोल्ड मेडल जीता था।
- राजस्थान का राज्य खेल – बास्केटबॉल (1948)

02. सिविल सेवा दिवस के अवसर पर पहली बार “राजस्थान संपर्क पुरस्कार से कितने IAS अधिकारियों को सम्मानित किया गया?

(a) 09

(b) 24

(c) 13

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦सिविल सेवा दिवस (21 अप्रैल) पर पहली बार “राजस्थान संपर्क पुरस्कार” की शुरुआत की गई है

♦जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 आईएएस अफसर सम्मानित हुए

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**03. भारत की सबसे छोटी कविता लिखकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में किसने अपना नाम दर्ज कराया है?**

**(A) तारावती सैनी**

(B) अनामिका शर्मा

(C) पायल सैनी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ जयपुर निवासी तारावती सैनी 'नीरज' ने 'राख' शीर्षक से भारत की सबसे छोटी कविता लिखकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है।

♦ यह कविता जितनी छोटी है, उसकी अभिव्यक्ति उतनी ही गहरी है।

♦इस अनोखे लेखन के लिए उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया।।

04. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में नई बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों (पैक्स) के गठन की अनुमति प्रदान की गई है?

(A) खैरथल-तिजारा

(B) अलवर

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान के सहकारी विभाग ने ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए नई बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों (पैक्स) के गठन की अनुमति प्रदान की है।

♦ अलवर और खैरथल-तिजारा जिलों में विभिन्न समितियों के गठन हेतु आदेश जारी किए हैं।

♦इन समितियों के गठन का निर्णय जिला कलेक्टर और संबंधित जिला कमेटियों की अनुशंसा के आधार पर लिया गया

05. विजय स्तंभ से ऊंचे सहस्त्रकूट जिनालय का निर्माण राजस्थान के किस जिले में किया जा रहा है?

(A) चित्तौड़गढ़

(B) बीकानेर

(C) टोंक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ सहस्त्रकूट जिनालय का निर्माण राजस्थान के टोंक जिले के गुंसी गांव में किया जा रहा है.

♦यह मंदिर जैन समाज की ओर से बनाया जा रहा है और इसमें जैन समाज के 24 तीर्थंकरों समेत 1008 मूर्तियां होंगी.

♦पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ अब राजस्थान के सबसे बड़े जैन तीर्थों में गिना जाएगा। यहां 11 मंजिला 151 फीट ऊंचे सहस्त्रकूट जिनालय का निर्माण अंतिम चरण में है।

♦यह जिनालय चित्तौड़गढ़ किले पर शौर्य के प्रतीक विजय स्तंभ (122 फीट 9 इंच) से ऊंचा है। जिनालय के अंदर 24 तीर्थंकरों की एक फीट ऊंची 1008 पद्मासन एवं 44 बड़ी मूर्तियां लगेंगी। इसके निर्माण पर करीब 16 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

06.राजस्थान में कितने करोड़ बिजली कनेक्शनों पर मुफ्त 'स्मार्ट मीटर' लगाने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है?

(a) 1.22 करोड़

(b) 1.43 करोड़

(c) 2.45 करोड़

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थानराजस्थान में बिजली उपभोक्ताओं के लिए राज्य सरकार जल्द ही पूरे प्रदेश में लगभग 1.43 करोड़ बिजली कनेक्शनों पर मुफ्त 'स्मार्ट मीटर' लगाने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है।

♦इस पहल का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना है, जिसके तहत प्रीपेड विकल्प चुनने पर बिजली की दरों में 15 पैसे प्रति यूनिट की कमी आएगी। राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं,

♦इन स्मार्ट मीटरों को 'बिजली मित्र' नामक एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन से जोड़ा जाएगा

07. हाल ही में राजस्थान के किस जिले को अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे से जोड़ने हेतु स्वीकृति दी गई है?

(A) चूरू

(B) फलोदी

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡राजस्थान का चूरू जिला भी अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इस तरह देश का दूसरा छह लेन का एक्सप्रेस-वे राजस्थान के 6 जिलों से होकर गुजरेगा।

♦इस एक्सप्रेस-वे के जरिए बीकानेर संभाग उत्तरी और मध्य भारत से सीधा जुड़ जाएगा।

♦अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे चूरू के अलावा राजस्थान के हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर और जालौर जिलों से होकर गुजरेगा।

♦ इस एक्सप्रेस-वे का काम साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। करीब 917 किलोमीटर लंबा 6 लेन का अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात को जोड़ेगा।।

08. राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 के तहत राज्य में कितने नए टेक्सटाइल पार्क विकसित होंगे

(a) 4

(b) 7

(c) 5

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है।राज्य में 'फाइबर से फैशन तक' के विजन के साथ यह नीति लागू की गई है।

♦इस नीति के माध्यम से 5 नए टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के साथ ही, नई व विस्तारित हो रही परिधान निर्माण इकाइयों को सहायता दी जाएगी।

♦यह नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल विनिर्माण के नए केन्द्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इस नीति में पर्याप्त और आकर्षक वित्तीय इन्सेंटिव्स के प्रावधान किए गए हैं।

**09. BCCI द्वारा जारी नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में A+ ग्रेड में कितने खिलाड़ियों को शामिल किया गया है?**

(a) 2

(b) 3

(c) 4

(d) 5

**Important Facts:**

➥ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों के लिए नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है, जहां खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन और टीम में योगदान के आधार पर अलग-अलग ग्रेड में बांटा गया है.

♦जिसमें 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है.

♦A+ ग्रेड में कुल 4 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा शामिल है.

♦ग्रेड ए+ – 7 करोड़ रुपए

10. डेजर्ट फ्लैग-10 युद्धाभ्यास का आयोजन किस देश में किया जा रहा है?

(a) भारत

(b) संयुक्त राज्य अमेरिका

(c) संयुक्त अरब अमीरात

(d) कतर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ भारतीय वायु सेना (IAF) ने डेजर्ट फ्लैग 10 (Desert Flag-10) बहुराष्ट्रीय वायु युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने के लिए अपने एक दल को तैनात किया है.

♦ यह अभ्यास 21 अप्रैल से 8 मई, 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के Al Dhafra Air Base पर आयोजित किया जा रहा है.

♦ इसमें भारत सहित कुल 12 देशों की वायु सेनाएं हिस्सा ले रही हैं.

**Today, Quiz:**

Q. राजस्थान रॉयल्स से IPL इतिहास के सबसे युवा डेब्यू करने वाले खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी मूल रूप से किस राज्य के हैं?

(A)हरियाणा

(B)राजस्थान

(C)बिहार

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine